# कार्यालय–अध्यक्ष, वाणिज्य कर अधिकरण, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

आदेशांक–वा0क0अधि0 / दस–1(क) / आह0वि0 / ——— / 2026::लखनऊ:फरवरी 16 ,2026

**::–आदेश–::**

मुख्यालय के परिपत्र सं0–2114 / 2020 दिनांक 19.08.2020 द्वारा वाणिज्य कर अधिकरण अधिष्ठान के अन्तर्गत सदस्य वाणिज्य कर अधिकरण पीठ–सहारनपुर का पद रिक्त होने पर सदस्य वाणिज्य कर अधिकरण पीठ–मुजफ्फरनगर तथा सदस्य वाणिज्य कर अधिकरण पीठ–मुजफ्फरनगर का भी पद रिक्त होने पर सदस्य वाणिज्य कर अधिकरण पीठ–1 मेरठ, सदस्य पीठ–1 मेरठ का भी पद रिक्त होने पर सदस्य वाणिज्य कर अधिकरण पीठ–2 मेरठ को प्रभारी अधिकारी नामित किए जाने की व्यवस्था है।

अतः प्रभारी सदस्य, वाणिज्य कर अधिकरण पीठ–सहारनपुर के पत्र संख्या–22 / 2026, दिनांक 04.02.2026 पर सम्यक् विचारोपरान्त श्री अवधेश कुमार सिंह–1 सदस्य, वाणिज्य कर अधिकरण, पीठ–2 मेरठ को सदस्य, वाणिज्य कर अधिकरण, पीठ–सहारनपुर में पीठासीन अधिकारी के कार्यभार ग्रहण करने तक आहरण एवं वितरण अधिकारी तथा जनसूचना अधिकारी का कार्य सम्पादित करने हेतु प्राधिकृत किया जाता है तथा यह भी निर्देशित किया जाता है कि जन सूचना अधिकारी का आनलाईन यूजर आई0डी0 व पासवर्ड हेतु अधिकारी का पता, मोबाइल नम्बर, अधिकारी का आधार कार्ड एवं ईमेल–आईडी मुख्यालय उपलब्ध कराना सुनिश्चिति करें।

ह0 / –
( रमेश चन्द–प्रथम )
एच0जे0एस0
अध्यक्ष, वाणिज्य कर अधिकरण,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

पृष्ठांकन सं0–वा0क0अधि0 / दस–1(क) / आह0वि0 / 652 / 2026 व दिनांक उक्त।
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. प्रभारी सदस्य वाणिज्य कर अधिकरण पीठ–सहारनपुर।
2. सदस्य वाणिज्य कर अधिकरण पीठ–2 मेरठ।
3. कोषाधिकारी, सहारनपुर।
4. वरिष्ठ सहायक (लेखा), पीठ–सहारनपुर।
5. वरिष्ठ सहायक (आर0टी0आई0) को इस आशय से प्रेषित कि नामित जन0सू0अधि0 का विवरण प्राप्त होने पर यूजर आईडी और पासवर्ड जारी करें।
6. सम्बन्धित अधिकारी एवं व्यक्तिगत पत्रावली हेतु।

16/02/2026

( रमेश चन्द–प्रथम )
एच0जे0एस0
अध्यक्ष, वाणिज्य कर अधिकरण,
उत्तर प्रदेश लखनऊ।